## पाठ-ज्ञान (Lesson-Knowledge)

**(क) सही विकल्प चुनिए-**

1. सभी जानवर किन खेलों में भाग लेना चाहते थे?
   (a) एशियाई खेल
   (b) ओलंपिक खेल
   (c) कॉमनवेल्थ खेल
   (d) इन सभी में
2. हिरन कौन-सा मेडल जीत कर आता?
   (a) स्वर्ण (गोल्ड)
   (b) कांस्य
   (c) चाँदी (रजत)
   (d) ये सभी
3. बगुला किस खेल में अपने आप को सबसे अच्छा मानता है?
   (a) हॉकी
   (b) फुटबॉल
   (c) मुक्केबाजी
   (d) निशानेबाजी
4. गधे की बात सुनकर सभी जानवरों को कैसा लगा होगा?
   (a) दुखी हो गए होंगे
   (b) शर्मिंदा हुए होंगे
   (c) हँसी आई होगी
   (d) रोना आया होगा

## भाषा-ज्ञान (Language-Knowledge)

**(क) कोष्ठक से सही शब्द चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए–**

1. हिरन बोला, ____ [मैं] ____ तेज दौड़ता हूँ। (मैं/में)
2. हिरन बोला, मैं सबको मैराथन ____ [में] ____ पीछे छोड़ देता। (में/मैं)
3. गधा दुलत्ती मारता ____ [और] ____ घर लौट आता। (ओर/और)
4. सभी जानवर खेल के मैदान की ____ [ओर] ____ जा रहे थे। (ओर/और)

**(ख) पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्दों को अलग-अलग करके लिखिए–**

**किताब, सेठ, बालक, भाई, बकरी, गंगा, घोड़ा, शेरनी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पुल्लिंग | सेठ | [भाई] | [घोड़ा] | [बालक] |
| स्त्रीलिंग | बकरी | [शेरनी] | [किताब] | [गंगा] |

**(ग) दिए गए शब्दों से साहस भरी कहानी पूरी कीजिए–**

**प्रसिद्ध, मिल-जुलकर, बगीचे, फुटबॉल, अपाहिज, नियम, मसोसकर, रणनीति, बुद्धि-कौशल, खेलने**

हर्ष शाम के समय अकसर ____ [बगीचे] ____ में जाता था। सामने बच्चे ____ [फुटबॉल] ____ खेलते हुए। शोर मचाते थे। उसका मन भी ____ [खेलने] ____ को करता परंतु वह ____ [अपाहिज] ____ था जिस कारण वह मन ____ [मसोसकर] ____ रह जाता। धीरे-धीरे उसने खेल के सारे ____ [नियम] ____ समझ लिए। अब वह भी बच्चों के साथ ____ [मिल-जुलकर] ____ खेलने लगा। वह बैठे-बैठे अपनी टीम की ____ [रणनीति] ____ बनाता। उसके ____ [बुद्धि-कौशल] ____ के आगे कोई नहीं जीत सकता था। बड़ा होकर वह ____ [प्रसिद्ध] ____ प्रवक्ता (कमेंटेटर) बना।

AnyScanner